(3) Apūrva is an incident that has never happened in the past.

(4) Apūrva is the link between the act and its fruit.

78. In early Vedic philosophy, what does the concept of Ṛta primarily refer to ?

(1) A specific type of ritual performed by the rulers.

(2) The cosmic, physical and moral order of the universe that regulates the laws of nature and human conduct.

(3) The state of liberation

(4) The seasons of nature

79. What is the process of withdrawing the senses from external objects and bringing them under the control of the mind called ?

(1) Pratyahar (2) Dhyan

(3) Niyam (4) Samādhi

75. बौद्ध दर्शन में, उपाय कौशल की अवधारणा मुख्य रूप से किसे संदर्भित करती है ?

(1) बुद्ध की वह असाधारण क्षमता जिसके द्वारा वे विभिन्न लोगों को उनके बौद्धिक स्तर और समझ के अनुसार उपदेश देते थे ।

(2) संघ की सहायता के लिए धन संचय करना ।

(3) पिछले नकारात्मक कर्मों को नष्ट करने के लिए अत्यधिक शारीरिक कष्ट का अभ्यास करना ।

(4) किसी एक की अनुष्ठानिक भाषा का कड़ाई से पालन करना ।

76. एक व्यक्ति केवल सुखभोग के लिए पारिवारिक उत्तरदायित्वों की उपेक्षा करता है । पुरुषार्थ सिद्धांत के अनुसार इसमें मुख्य नैतिक त्रुटि क्या है ?

(1) काम का अनुसरण धर्म के बिना किया गया है ।

(2) धर्म अनावश्यक है । (3) मोक्ष प्राप्त हो गया है ।

(4) अर्थ सदैव अनैतिक है ।

77. मीमांसा के अपूर्व की अवधारणा के बारे में निम्नलिखित कथनों में से क्या सही <u>नहीं</u> है ?

(1) अपूर्व एक अदृष्ट शक्ति है जो हमारे कर्मों से उत्पन्न होती है ।

(2) अपूर्व उचित समय आने पर कर्मों को फलित करती है ।

(3) अपूर्व एक ऐसी घटना है जो पहले कभी घटित नहीं हुई हो ।

(4) अपूर्व कर्म और फल के बीच की कड़ी है ।

78. प्रारंभिक वैदिक दर्शन में, ऋत की मूलभूत अवधारणा मुख्य रूप से किसे संदर्भित करती है ?

(1) शासकों द्वारा विशेष रूप से किया जाने वाला अनुष्ठान

(2) ब्रह्मांड की वह ब्रह्माण्डीय, भौतिक और नैतिक व्यवस्था जो प्रकृति के नियमों और मानवीय आचरण को नियंत्रित करती है ।

(3) मोक्ष की अवस्था (4) प्रकृति की ऋतुएँ

79. इन्द्रियों को बाह्य विषय से हटाकर मन के वश में करने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है ?

(1) प्रत्याहार (2) ध्यान

(3) नियम (4) समाधि

80. The absence of 'Krit-Pranasha' and 'Akritabhyupagama' represents which principle of law of karma ?

(1) Karma is nothing but fatalism or determinism.

(2) One gets results of performing actions but the results of performed action are destroyed

(3) The fruits of performed action are never destroyed and one never gets results for unperformed actions.

(4) The fruits of all actions are received only in the current life line.

80. 'कृत-प्रणाश' और 'अकृताभ्युपगम' का न होना कर्मवाद के किस सिद्धांत को दर्शाता है ?

(1) कर्म केवल भाग्य या नियति है ।

(2) बिना किए गए कर्म का फल मिलता है और किए गए कर्म का फल नष्ट हो जाता है ।

(3) किए गए कर्म का फल कभी नष्ट नहीं होता और बिना किए हुए कर्म का फल कभी नहीं मिलता ।

(4) सभी किए गए कर्मों का फल केवल इस जन्म में ही मिलता है ।

81. A student chooses a demanding but enjoyable research project over an easier task that he finds boring. Which principle of ethical hedonism is illustrated ?

(1) Duty for duty's sake

(2) Pleasure as the highest good

(3) Categorical imperative

(4) Divine command

81. एक छात्र एक आसान लेकिन उबाऊ कार्य के बजाय चुनौतीपूर्ण किन्तु आनन्ददायक शोध परियोजना चुनता है । यह नैतिक सुखवाद के किस सिद्धान्त को दर्शाता है ?

(1) कर्त्तव्य केवल कर्त्तव्य के लिए

(2) सुख सर्वोच्च शुभ है (3) निरपेक्ष आदेश

(4) ईश्वरीय आदेश

82. According to G.E. Moore, "Good" cannot be defined like natural concepts because it leads to a following fallacy :

(1) Irregular major term

(2) Fallacy of four terms

(3) Petitio principii (4) Naturalistic fallacy

82. जी.ई. मूर के अनुसार, "शुभ" को प्राकृतिक प्रत्ययों के समान परिभाषित नहीं किया जा सकता, क्योंकि इससे निम्न दोष उत्पन्न होता है :

(1) अनियमित मुख्य पद (2) चतुष्पदीय दोष

(3) आत्माश्रय दोष (4) प्रकृतिवादी दोष

83. Which one of the following is not a sanction according to Bentham ?

(1) The Physical (2) The Political

(3) The Emotional (4) The Religious

83. बेन्थम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा दबाव नहीं है ?

(1) भौतिक (2) राजनैतिक

(3) भावनात्मक (4) धार्मिक

84. In legal ethics when the primary objective of a judicial sentence is to utilise the offender as a public example, which doctrine of punishment is being practised ?

(1) Deterrent Theory

(2) Reformative Theory

(3) Educative Theory (4) Retributive Theory

84. विधिक नीतिशास्त्र के अंतर्गत जब किसी अदालती सजा का प्राथमिक उद्देश्य अपराधी को समाज के लिए एक सार्वजनिक उदाहरण बनाना हो, तो इसमें दण्ड के किस सिद्धान्त का पालन किया जाता है ?

(1) प्रतिरोधात्मक सिद्धान्त (2) सुधारात्मक सिद्धान्त

(3) शिक्षाप्रद सिद्धान्त (4) प्रतिकारात्मक सिद्धान्त

85. According to Butler, which of the following statements is correct regarding the distinction between 'Passion' and 'Self-love' ?

(1) Passion is intellectual and conscious, whereas self-love is blind and non-intellectual.

(2) Passion is blind or non-intellectual, seeking specific objects, whereas self-love is a conscious / rational tendency concerned with long term, life long happiness.

(3) Passion always benefits others, whereas self-love always harms others.

(4) There is no difference between passion and self-love, Butler considered them two sides of the same coin.

86. Which statement is correct regarding Immanuel Kant's Goodwill ?

(1) It is a good conditionally, based on situations.

(2) A desire that expects favourable results qualifies as a goodwill.

(3) It is rational and entirely independent of circumstances.

(4) It is merely a means to achieve a happy life.

87. By which main argument does Sidgwick refute the establishment of 'Ethical Hedonism' on the foundation of 'Psychological Hedonism' ?

(1) Because human are always naturally altruistic, not egoistic.

(2) Because a value cannot be directly derived from a fact, a factual premise can only yield a factual conclusion, not an evaluating one.

(3) Because psychological hedonism is a completely unscientific and a false theory.

(4) Because Bentham and Mill never supported psychological hedonism.

85. बटलर के अनुसार, वासना व स्वप्रेम में अन्तर के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(1) वासना बौद्धिक व सचेत होती है, जबकि स्वप्रेम अंधा व अबौद्धिक होता है ।

(2) वासना अचेत व अंधी होती है जो अपने विशिष्ट विषयों को खोजती है, जबकि स्वप्रेम एक बौद्धिक सचेत प्रवृत्ति है जो जीवनभर के दीर्घकालिक सुख से सम्बन्धित है ।

(3) वासना हमेशा दूसरों को लाभ पहुँचाती है, जबकि स्वप्रेम हमेशा दूसरों को नुकसान पहुँचाता है ।

(4) वासना व स्वप्रेम में कोई अन्तर नहीं है, बटलर दोनों को एक ही सिक्के के दो पहलू मानते हैं ।

86. इमैनुएल काण्ट के 'शुभ-संकल्प' के संदर्भ में कौन सा कथन सही है ?

(1) यह परिस्थितियों के आधार पर शुभ होता है ।

(2) यह अनुकूल परिणाम की अपेक्षा रखने वाली इच्छा ही शुभ संकल्प है ।

(3) यह बौद्धिक है तथा परिणाम की परिस्थिति से पूर्णतः मुक्त है ।

(4) यह केवल सुखी जीवन का साधन है ।

87. सिजविक मनोवैज्ञानिक सुखवाद के आधार पर 'नैतिक सुखवाद' की स्थापना का खण्डन किस मुख्य तर्क से करते हैं ?

(1) क्योंकि मानव स्वभाव से हमेशा परोपकारी होता है, स्वार्थी नहीं ।

(2) क्योंकि तथ्य से सीधे मूल्य का निर्धारण नहीं किया जा सकता, तथ्य का निष्कर्ष केवल तथ्यात्मक होगा, मूल्यात्मक नहीं ।

(3) क्योंकि मनोवैज्ञानिक सुखवाद पूरी तरह अवैज्ञानिक व झूठा सिद्धान्त है ।

(4) क्योंकि बेन्थम व मिल ने मनोवैज्ञानिक सुखवाद का कभी समर्थन नहीं किया था ।

88. According to A.J. Ayer, what is the true nature of moral statement like 'you did wrong in stealing' ?

(1) It adds new factual information to the act of stealing.

(2) It merely expresses the speaker's emotion and can not be proven true nor false.

(3) It is purely scientific and verifiable statement.

(4) It objectively describes an external qualities.

88. ए.जे. एयर के अनुसार, 'तुमने चोरी कर अनुचित कार्य किया है ।' जैसे नैतिक कथन का वास्तविक स्वरूप क्या है ?

(1) यह चोरी के तथ्य में नई जानकारी डालता है ।

(2) यह केवल वक्ता के संवेग को प्रकट करता है । जिसे सही या गलत साबित नहीं किया जा सकता ।

(3) यह विशुद्ध वैज्ञानिक व जाँचने वाला तथ्य है ।

(4) यह बाह्य गुणों का निष्पक्ष वर्णन करता है ।

89. According to C.L. Stevenson, what is the relation between the descriptive and the emotive meaning of moral terms ?

(1) The two meanings are completely contradictory to each other.

(2) Descriptive meaning relates to the knowledge of facts, while emotive meaning relates to influencing the listener.

(3) Only the descriptive meaning of moral sentence has significance.

(4) He completely rejects the emotive meaning of words.

89. सी.एल. स्टीवेंसन के अनुसार, नैतिक शब्दों के 'वर्णनात्मक' और 'संवेगात्मक' अर्थ में क्या सम्बन्ध है ?

(1) दोनों एक-दूसरे के विरोधी हैं ।

(2) वर्णनात्मक अर्थ तथ्यों के ज्ञान से और संवेगात्मक अर्थ श्रोता को प्रेरित करने से जुड़ा है ।

(3) नैतिक वाक्यों का केवल वर्णनात्मक अर्थ ही महत्त्वपूर्ण होता है ।

(4) वे शब्दों के संवेगात्मक अर्थ को पूरी तरह से खारिज करते हैं ।

90. A government policy benefits millions but causes minor inconvenience to a small group. Which utilitarian principle supports the policy ?

(1) Categorical imperative

(2) Greatest happiness principle

(3) Divine command (4) Intuitionism

90. एक सरकारी नीति लाखों लोगों को लाभ पहुँचाती है, यद्यपि एक छोटे समूह को थोड़ी असुविधा होती है । यह किस उपयोगितावादी सिद्धान्त का उदाहरण है ?

(1) निरपेक्ष आदेश

(2) अधिकतम सुख सिद्धान्त

(3) ईश्वरीय आदेश (4) अन्तःप्रज्ञावाद

91. According to Swami Vivekananda, the ideal of a universal religion primarily aims at :

(1) Replacing all religions with one new religion

(2) Establishing the superiority of one religion

(3) Harmony and acceptance among all religions

(4) Rejecting religious diversity

91. स्वामी विवेकान्द के अनुसार, सार्वभौमिक धर्म का आदर्श मुख्यतः किसका समर्थन करता है ?

(1) सभी धर्मों के स्थान पर एक नया धर्म स्थापित करना

(2) एक धर्म की श्रेष्ठता स्थापित करना

(3) सभी धर्मों में सामंजस्य एवं स्वीकृति

(4) धार्मिक विविधता का निषेध

92. In Sri Aurobindo's evolutionary philosophy, what is "supermind" ?

(1) An advanced human intellect who specializes in scientific logic.

(2) A psychological state of deep, dreamless sleep.

(3) The emotional spirit of nationalism.

(4) The ultimate truth consciousness that descends to transform human mind and life into divine life.

92. श्री अरविंद के विकासवादी दर्शन में "अतिमानस" क्या है ?

(1) एक उन्नत मानव बुद्धि जो वैज्ञानिक तर्क में विशेषज्ञता रखती है ।

(2) गहरी, स्वप्नहीन निंद्रा की एक मनोवैज्ञानिक अवस्था ।

(3) राष्ट्रवाद की भावनात्मक भावना

(4) वह परम सत्य-चेतना जो मानव मन और जीवन को दिव्य जीवन में बदलने के लिए अवतरित होती है ।

93. According to Rabindranath Tagore's book 'The Religion of Man' what is the main purpose or central idea of his philosophy ?

(1) To analyze the material and physical laws of the universe.

(2) Idea of huminity of God or the devinity of Man.

(3) To establish a rigid religious orthodoxy and rituals.

(4) Total rejection of anthromorphism.

93. रबीन्द्रनाथ टैगोर की पुस्तक 'द रिलीजन ऑफ मैन' के अनुसार, उनके दर्शन का मुख्य उद्देश्य या केन्द्रीय विचार क्या है ?

(1) ब्रह्मांड के भौतिक एवं सांसारिक नियमों का विश्लेषण करना

(2) ईश्वर की मानवीयता तथा मनुष्य का ईश्वरत्व का विचार

(3) एक कठोर धार्मिक रूढ़िवादिता और कर्मकाण्डों की स्थापना

(4) मानवतारोपण का पूर्णतः खण्डन करना

94. Swami Vivekananda regarded service to humanity as :

(1) A political duty only

(2) A form of worship of God

(3) An economic activity

(4) A legal obligation

94. स्वामी विवेकानन्द मानव सेवा को किस रूप में देखते थे ?

(1) केवल राजनीतिक कर्त्तव्य

(2) ईश्वर की उपासना का एक रूप

(3) आर्थिक गतिविधि (4) कानूनी दायित्व

95. According to Radhakrishnan, which of the following is a correct form of attaining knowledge ?

(1) Pratyaksh, Anuman, Shabda

(2) Pratyaksh, Anuman, Arthapatti

(3) Pratyaksh, Anuman, Abhav

(4) Sense experience, Intellectual cognition, Intuitive apprehension

95. राधाकृष्णन के अनुसार, ज्ञानोपार्जन का निम्नलिखित में से कौन सा सही ढंग है ?

(1) प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द

(2) प्रत्यक्ष, अनुमान, अर्थापत्ति

(3) प्रत्यक्ष, अनुमान, अभाव

(4) इन्द्रिय-अनुभव, बौद्धिक अवगति, अन्तर्दृष्टि

96. According to Dr. B.R. Ambedkar, what is the pre-requisite for the absolute "Annihilation of Caste" in India ?

(1) Sharing inter-caste meals

(2) Reforming the economic class system

(3) Destroying the belief in the sanctity of the shastras

(4) Moving all villagers to metropolitan cities

96. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के अनुसार, भारत में "जाति के पूर्ण विनाश" के लिए प्राथमिक शर्त क्या है ?

(1) अंतर्जातीय भोजन साझा करना ।

(2) आर्थिक वर्ग व्यवस्था में सुधार करना ।

(3) शास्त्रों की पवित्रता की मान्यता को नष्ट करना ।

(4) सभी ग्रामीणों को महानगरों में स्थानांतरित करना ।

97. The three sections that comprise Tiruvalluvar's ethical treatise, the Tirukural is :

(1) Creation, Preservation and Destruction

(2) Aram (Virtue), Porul (Wealth) and Inbam (Love)

(3) Physics, Metaphysics and Politics

(4) Karma, Jnana and Bhakti

98. How did Jyotiba Phule critically reinterpret traditional mythological Hindu avatars in his book Gulamgiri ?

(1) As divine beings who established perfect social justice.

(2) As symbols of Aryan invaders conquering and enslaving the indigenous people (Shudras and Atishudras).

(3) As historical kings.

(4) As purely fictional symbols.

99. What is the core starting point of M.N. Roy's "Radical Humanism" ?

(1) The sovereignty and freedom of the individual human being based on reason and secular morality.

(2) The absolute authority of the religious scriptures.

(3) Subordination of the individual to the power of the state.

(4) The belief that human history is entirely determined by spiritual destiny.

100. The famous socio-ethical resolution declared by the tribal saint-poet Bhima Bhoi regarding human suffering is :

(1) He prayed that he should attain person liberation while others continue to suffer.

(2) He advocated for the complete eradication of Sati Pratha.

(3) He argued that suffering is an illusion and does not exist.

(4) He declared that he is willing to suffer in hell forever if his sufferings can save the world from misery.

101. According to G.E. Moore, which statement best expresses his criticism of idealism ?

(1) Reality consists only of ideas.

(2) To be is to be perceived.

(3) Consciousness and its object are distinct.

(4) Matter is an illusion.

97. तिरुवल्लुवर के नैतिक ग्रंथ तिरुकुरल में से तीन मुख्य खंड शामिल है :

(1) सृष्टि, स्थिति और विनाश

(2) अरम (धर्म), पोरुल (संपत्ति) और इनबम (प्रेम)

(3) भौतिकी, तत्त्वमीमांसा और राजनीति

(4) कर्म, ज्ञान और भक्ति

98. अपने ग्रंथ गुलामगीरी में ज्योतिबा फुले ने पारंपरिक पौराणिक हिन्दू अवतारों की किस प्रकार समीक्षात्मक पुनर्व्याख्या की ?

(1) ऐसे दिव्य प्राणियों के रूप में जिन्होंने पूर्ण सामाजिक न्याय की स्थापना की थी ।

(2) आर्य आक्रमणकारियों के प्रतीकों के रूप में जिन्होंने मूल निवासियों (शूद्रों और अति शूद्रों) पर विजय प्राप्त की और गुलाम बनाया ।

(3) ऐतिहासिक राजाओं के रूप में ।

(4) पूर्णतः काल्पनिक प्रतीकों के रूप में ।

99. एम.एन. रॉय के 'उग्र मानववाद' का मुख्य प्रस्थान बिंदु क्या है ?

(1) तर्क और धर्मनिरपेक्ष नैतिकता के आधार पर व्यक्तिगत मनुष्य की संप्रभुता और स्वतंत्रता ।

(2) धार्मिक ग्रंथों का पूर्ण अधिकार ।

(3) राज्य की शक्ति के अधीन व्यक्ति का समर्पण ।

(4) यह विश्वास कि मानव इतिहास पूरी तरह से आध्यात्मिक नियति द्वारा निर्धारित है ।

100. आदिवासी संत-कवि भीम भोई द्वारा मानवीय पीड़ा के संबंध में घोषित प्रसिद्ध सामाजिक-नैतिक संकल्प है :

(1) उन्होंने प्रार्थना की कि वे स्वयं व्यक्तिगत मोक्ष प्राप्त करें जबकि अन्य लोग पीड़ित रहें ।

(2) उन्होंने सती प्रथा के पूर्ण निराकरण की वकालत की ।

(3) उन्होंने तर्क दिया पीड़ा एक भ्रम है और इसका कोई अस्तित्व नहीं है ।

(4) उन्होंने यह घोषणा की कि यदि उनके दुखों से संसार के कष्ट दूर हो सकते हैं, तो वे सदा के लिए नरक में रहने को तैयार हैं ।

101. जी.ई. मूर के अनुसार, विज्ञानवाद की आलोचना का मुख्य आधार क्या है ?

(1) वास्तविकता केवल विचारों से बनी है ।

(2) दृश्यता ही सत्ता है ।

(3) चेतना और उसका विषय अलग-अलग है ।

(4) पदार्थ एक भ्रम है ।

102. According to Bertrand Russell, complex facts can be understood by :

(1) Ignoring their components

(2) Analysing them into simpler atomic facts

(3) Rejecting logic

(4) Relations of Ideas

103. According to A.J. Ayer's "Verification theory of meaning" under what condition a sentence is literally meaningful ?

(1) If and only if the proposition it expressed is either analytic or empirically verifiable.

(2) If and only if it can be verified through pure rational intuition.

(3) If and only if it is aligned with metaphysical systems.

(4) If and only if it has strong emotional impact on the listner.

104. In his lecture "What there is ", what does Bertrand Russell identify as the ultimate, indivisible constituents of reality ?

(1) Physical atoms and molecules that can be observed only through scientific instruments like microscopes.

(2) Logical atoms, which are simple particulars along with their qualities and relations.

(3) Abstract Platonic ideas that exist eternally in a transcent, non-physical realm.

(4) Subjective mental illusions created entirely by the ego.

105. According to Wittgenstein's picture theory of language, what is the relationship between a meaningful proposition and reality ?

(1) A proposition has no logical relation to reality, its meaning is determined by social habits or "language games".

(2) A proposition is a psychological description of the speaker's emotional state.

(3) A proposition is a logical picture of reality, its structure mirrors the structure of the factual state of affairs it represents.

(4) A proposition is a mystical statement that cannot represent facts.

102. बर्ट्रेन्ड रसल के अनुसार, जटिल तथ्यों को कैसे समझा जा सकता है ?

(1) उनके घटकों की उपेक्षा करके ।

(2) उन्हें सरल परमाण्विक तथ्यों में विश्लेषित करके ।

(3) तर्क का निषेध करके

(4) प्रत्ययों के सम्बन्धों द्वारा

103. ए.जे. एयर के 'अर्थ के सत्यापन सिद्धांत' के अनुसार किस स्थिति में कथन शाब्दिक रूप से अर्थपूर्ण होगा ?

(1) केवल तभी जबकि व्यक्त प्रतिज्ञप्ति या तो विश्लेषणात्मक हो या आनुभविक रूप से सत्यापित करने योग्य हो ।

(2) केवल तभी जबकि वह विशुद्ध तार्किक अंतःप्रज्ञा के माध्यम से सत्यापित की जा सके ।

(3) केवल तभी जबकि वह तत्त्वमीमांसीय प्रणालियों से संबंधित हो ।

(4) केवल तभी जबकि श्रोता पर उसका गहरा भावनात्मक प्रभाव पड़ता हो ।

104. बर्ट्रेन्ड रसल के व्याख्यान "व्हाट देयर इज़" के अनुसार, रसल सत्ता के अंतिम और अविभाज्य घटकों के रूप में किसे स्वीकार करते हैं ?

(1) भौतिक परमाणुओं और अणुओं को जिन्हें केवल माइक्रोस्कोप जैसे वैज्ञानिक उपकरणों के माध्यम से देखा जा सकता है ।

(2) तार्किक परमाणुओं को, जो सरल विशिष्ट वस्तुएँ और उनके गुण एवं संबंध हैं ।

(3) अमूर्त प्लेटोनिक प्रत्ययों को जो एक पारलौकिक, गैर-भौतिक लोक में शाश्वत रूप में मौजूद हैं ।

(4) व्यक्तिपरक मानसिक भ्रम जो पूरी तरह से अहम् द्वारा निर्मित हैं ।

105. विटगेनस्टाइन के 'भाषा के चित्र सिद्धांत' के अनुसार एक सार्थक प्रतिज्ञप्ति और वास्तविकता के बीच क्या संबंध है ?

(1) प्रतिज्ञप्ति का वास्तविकता से कोई तार्किक संबंध नहीं होता, इसका अर्थ विशुद्ध रूप से सामाजिक आदतों या "भाषा खेल" द्वारा निर्धारित होता है ।

(2) प्रतिज्ञप्ति किसी वस्तु के बारे में वक्ता की व्यक्तिपरक भावनात्मक स्थिति का केवल एक मनोवैज्ञानिक वर्णन है ।

(3) प्रतिज्ञप्ति वास्तविकता का एक तार्किक चित्र है, इसकी संरचना उस तथ्यात्मक वस्तुस्थिति की संरचना को दर्शाती है जिसका यह प्रतिनिधित्व करती है ।

(4) प्रतिज्ञप्ति एक रहस्यमयी कथन है जो तथ्यों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता ।

106. What does Gilbert Ryle mean by the term "Category mistake" ?

(1) The mistake of representing facts belonging to one logical category as if they belonged to another.

(2) A grammatical error that occurs due to translation.

(3) The conceptual confusion between a physical object's spatial location and its mass.

(4) An ontological error.

107. Quine challenges "The two dogmas of empiricism", what is the first dogma of empiricism ?

(1) The Cartesian metaphysical belief in the absolute dualism of body and mind.

(2) The distinction between primary and secondary qualities.

(3) The verification theory of meaning.

(4) The distinction between analytic and synthetic statements.

108. According to William James pragmatic theory of truth, what is it that makes a belief or an idea "true" ?

(1) It is logical derived from self-evident axioms.

(2) It is declared as absolute truth by a traditional political or religious authroity.

(3) It perfectly copies an unchangeable reality.

(4) Its effects on us and practical consequences.

109. According to A.J. Ayer, metaphysical statements are :

(1) Scientifically proven

(2) Meaningless because unverifiable

(3) Gramatically incorrect

(4) Refer to a Reality

106. गिलबर्ट राइल के "कोटि-त्रुटि" (श्रेणी की भूल) शब्द का क्या अर्थ है ?

(1) किसी एक तार्किक श्रेणी के तथ्यों को इस प्रकार प्रस्तुत करने की भूल जैसे कि वे किसी अन्य श्रेणी के हों ।

(2) अनुवाद करते समय होने वाली व्याकरण संबंधी अशुद्धि ।

(3) किसी भौतिक वस्तु के स्थानिक स्थान और उसके द्रव्यमान के बीच होने वाला भ्रम ।

(4) एक तत्त्वमीमांसीय त्रुटि ।

107. क्वाइन ने "द टू डोग्माज़ ऑफ इमपिरिसिज्म" से अनुभववाद की दो रूढ़ियों को चुनौती दी उनमें से प्रथम रूढ़ि कौन सी है ?

(1) शरीर और मन के पूर्ण द्वैतवाद पर दैकार्त का तत्त्वमीमांसीय विश्वास ।

(2) मुख्य तथा अमुख्य गुणों में भेद

(3) अर्थ का सत्यापन का सिद्धांत

(4) विश्लेषणात्मक कथनों और संश्लेषणात्मक कथनों के बीच का अंतर

108. विलियम जेम्स के सत्य के व्यावहारिक सिद्धांत के अनुसार, किसी विश्वास या विचार को क्या "सत्य" बनाता है ?

(1) वह स्वतः सिद्ध सिद्धांतों से तार्किक रूप से निकाला जाता है ।

(2) उसे किसी पारंपरिक राजनीतिक या धार्मिक संस्था द्वारा पूर्ण सत्य किया जाता है ।

(3) वह अपरिवर्तनीय वास्तविकता की हूबहू नकल करता है ।

(4) उसके हम पर प्रभाव तथा व्यावहारिक परिणाम ।

109. ए.जे. एयर के अनुसार, तत्त्वमीमांसीय कथन :

(1) वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हैं ।

(2) निरर्थक हैं क्योंकि उन्हें सत्यापित नहीं किया जा सकता ।

(3) व्याकरण की त्रुटि से युक्त हैं ।

(4) वास्तविक सत्ता को इंगित करते हैं ।

110. According to Martin Heidegger's philosophy, how does human existence differ from other objects like trees or stones ?

(1) Humans exist in complete isolations.

(2) Humans are conscious of their own existence and can manifest it.

(3) Humans have a purely theoretical approach to the world.

(4) Humans are static entities placed inside the world.

111. A person gradually withdraws from worldly duties to focus on contemplation. Which Ashrama transition is reflected ?

(1) Brahmacharya to Grihastha

(2) Grihastha to Vanaprastha

(3) Vanaprastha to Brahmacharya

(4) Sannyasa to Grihastha

112. Which of the following is NOT one of the four purposes of Danda Niti ?

(1) Acquisition of what is not acquired

(2) Protection of what is acquired

(3) Enhancement of what is protected

(4) Elimination of all taxation

113. In the Shanti Parva of the Mahabharata, what does the foundational concept of Danda-Niti refer to ?

(1) The theological and ritualistic study of temple architecture.

(2) The science of chastisement, governance and righteous application of punishment to maintain law and order.

(3) Exclusive theory of punishment for Kshatriya warrior only.

(4) The complete abandonment of all social and political laws.

114. Which of the following groups correctly identifies the seven elements of the state craft of Kautilya's Saptanga theory ?

(1) Atma, Manas, Buddhi, Indriyan, Sharira, Karma, Moksha

(2) Prithvi, Jala, Agni, Vayu, Akasha, Manas, Ahamkara

(3) Shastra, Yajna, Purohita, Mandir, Vedi, Bhakta, Devata

(4) Swami, Amatya, Janapad, Durga, Kosha, Danda, Mitra

110. मार्टिन हाइडेगर के अनुसार, मानव अस्तित्व वृक्ष या पत्थर जैसी वस्तुओं से कैसे भिन्न है ?

(1) मनुष्य पूर्ण अलगाव में रहता है ।

(2) मनुष्य में अपने अस्तित्व को प्रकाशित करने व सचेत करने की क्षमता है ।

(3) मनुष्यों का दुनिया के प्रति दृष्टिकोण केवल सैद्धान्तिक होता है ।

(4) मनुष्य संसार के अन्दर रखी हुई निष्क्रिय वस्तु है ।

111. कोई व्यक्ति सांसारिक उत्तरदायित्वों से धीरे-धीरे निवृत्त होकर चिन्तन की ओर उन्मुख होता है । यह किस आश्रम परिवर्तन को दर्शाता है ?

(1) ब्रह्मचर्य से गृहस्थ

(2) गृहस्थ से वानप्रस्थ

(3) वानप्रस्थ से ब्रह्मचर्य

(4) संन्यास से गृहस्थ

112. निम्न में से कौन सा दण्डनीति के चार उद्देश्यों में शामिल नहीं है ?

(1) अप्राप्त की प्राप्ति

(2) प्राप्त की रक्षा

(3) संरक्षित की वृद्धि

(4) सभी करों का उन्मूलन

113. महाभारत के शांति पर्व के अनुसार, दंडनीति की मूलभूत अवधारणा मुख्य रूप से किसे संदर्भित करती है ?

(1) धार्मिक और अनुष्ठानिक अध्ययन मंदिर वास्तुकला का ।

(2) दण्डविज्ञान, शासनकला और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दण्ड का न्यायपूर्ण अनुप्रयोग ।

(3) केवल क्षत्रिय योद्धाओं के लिए विशिष्ट दण्ड का सिद्धांत ।

(4) सभी सामाजिक और राजनीतिक कानूनों का पूर्णतः परित्याग करना ।

114. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प कौटिल्य के राज्य के सप्तांग सिद्धांत के सात घटकों की सही पहचान करता है ?

(1) आत्मा, मन, बुद्धि, इंद्रियाँ, शरीर, कर्म, मोक्ष

(2) पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, अहंकार

(3) शास्त्र, यज्ञ, पुरोहित, मंदिर, वेदी, भक्त, देवता

(4) स्वामी, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, दंड, मित्र

115. According to the Mitakshara school, when does a son acquire a right over ancestoral property ?

(1) After death of father

(2) By birth itself

(3) After marriage

(4) According to will of the father

115. मिताक्षरा सम्प्रदाय के अनुसार, पैतृक सम्पत्ति पर पुत्र का अधिकार कब होता है ?

(1) पिता की मृत्यु के उपरान्त

(2) जन्म से

(3) विवाहोपरान्त

(4) पिता की वसीयत से

116. With reference to 'end-means' relationship between the constitution and constitutionalism, which of the following statement is true ?

(1) The constitution is the end and constitutionalism is its means.

(2) The constitution is the means and constitutionalism is its end.

(3) Both are independent concepts with no end-means relationship.

(4) Both are 'ends' and they do not have any mean.

116. संविधान व संविधानवाद के मध्य 'साध्य-साधन' के सम्बन्ध के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है ?

(1) संविधान साध्य है और संविधानवाद उसका साधन है ।

(2) संविधान साधन है और संविधानवाद उसका साध्य है ।

(3) दोनों स्वतंत्र अवधारणाएँ हैं इनके बीच कोई साध्य-साधन सम्बन्ध नहीं है ।

(4) दोनों ही 'साध्य' हैं और इनका कोई साधन नहीं होता ।

117. How does Trusteeship attempt to resolve economic inequality ?

(1) By violent revolution

(2) By abolishing all property rights.

(3) By the moral responsibility of wealth holders.

(4) By state control of resources.

117. ट्रस्टीशिप आर्थिक असमानता की समस्या का समाधान किस प्रकार करने का प्रयास करती है ?

(1) हिंसक क्रान्ति द्वारा

(2) सभी संपत्ति अधिकार समाप्त करके

(3) धनवानों की नैतिक जिम्मेदारी द्वारा

(4) संसाधनों के राज्य नियंत्रण द्वारा

118. In Mahabharata, Sage Narada visits King Yudhisthir and asks series of questions regarding the administration of the kingdom. Which of the following core concepts of righteous governance do these questions primarily emphasize ?

(1) Danda

(2) Rajadharma

(3) Digvijaya

(4) Sánnyasa

118. महाभारत में ऋषि नारद राजा युधिष्ठिर से मिलते हैं और राज्य के प्रशासन के संबंध में अनेक प्रश्न पूछते हैं । ये प्रश्न मुख्य रूप से न्यायपूर्ण शासन की किस मूल अवधारणा पर जोर देते हैं ?

(1) दंड

(2) राजधर्म

(3) दिग्विजय

(4) संन्यास

119. Who gave the call for "Total Revolution" (Sampoorna Kranti) in India during the 1970s ?

(1) Mahatma Gandhi

(2) Ram Manohar Lohia

(3) Jayaprakash Narayan

(4) Baba Amte

119. 1970 के दशक के दौरान भारत में 'सम्पूर्ण क्रांति' का आह्वान किसने किया था ?

(1) महात्मा गांधी

(2) राममनोहर लोहिया

(3) जयप्रकाश नारायण

(4) बाबा आमटे

120. Which of the following describes the core feature of Indian Secularism ?

(1) The state supports one specific religion.
(2) The state bans all religious practices.
(3) The state is completely controlled by religious leaders.
(4) The state maintains equal respect and principled distance from all religions.

121. In Plato's ideal state, a soldier begins making laws while rulers engage in trade. According to Plato, this situation would be considered :

(1) A sign of Ideal harmony
(2) An example of justice
(3) A violation of justice due to role confusion
(4) An example of equality

122. Which policy would Plato most likely support ?

(1) Every citizen having right to choose any occupation.
(2) Allocation of work according to aptitude and education.
(3) Complete absence of rulers.
(4) Majority opinion as the sole criterion of justice.

123. What was the primary purpose of the "Veil of ignorance", according to Rawls' A Theory of Justice ?

(1) To eliminate personal biases and ensure a fair society.
(2) To reward high intelligence and strength.
(3) To make everyone's moral belief identical.
(4) To let the policy-maker benefit first.

124. A minority culture is forced to abandon its language and traditions to join the dominant culture. Charles Taylor would view this as :

(1) Assimilationist pressure
(2) Genuine recognition
(3) Cultural dialogue
(4) Multicultural justice

120. निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय धर्मनिरपेक्षता को दर्शाता है ?

(1) राज्य किसी एक विशिष्ट धर्म का समर्थन करता है ।
(2) राज्य सभी धार्मिक प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाता है ।
(3) राज्य पूरी तरह से धार्मिक नेताओं द्वारा नियंत्रित होता है ।
(4) राज्य सभी धर्मों से समान सम्मान और सैद्धांतिक दूरी बनाए रखता है ।

121. प्लेटो के आदर्श राज्य में यदि सैनिक कानून बनाने लगें और शासक व्यापार करने लगे, तो प्लेटो के अनुसार यह स्थिति क्या होगी ?

(1) आदर्श सामंजस्य का संकेत
(2) न्याय का उदाहरण
(3) कार्यों के मिश्रण के कारण न्याय का उल्लंघन
(4) समानता का उदाहरण

122. निम्न में से किस नीति का प्लेटो सर्वाधिक समर्थन करेंगे ?

(1) प्रत्येक नागरिक को कोई भी व्यवसाय चुनने का अधिकार
(2) योग्यता एवं शिक्षा के आधार पर कार्यों का निर्धारण
(3) शासकों का पूर्ण अभाव
(4) बहुमत की राय को न्याय का एकमात्र आधार बनाना

123. राल्स की पुस्तक ए थेअरी ऑफ जस्टिस के अनुसार, 'अज्ञानता के पर्दे' का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(1) व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों को समाप्त करना व निष्पक्ष समाज सुनिश्चित करना ।
(2) उच्च बृद्धि व शक्ति को पुरस्कृत करना ।
(3) सभी के नैतिक विश्वासों को एकसमान बनाना ।
(4) नीति निर्माताओं को पहले लाभ पहुँचाना ।

124. किसी अल्पसंख्यक समुदाय को अपनी भाषा और परम्पराएँ छोड़कर प्रमुख संस्कृति अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ता है । चार्ल्स टेलर इसे क्या कहेंगे ?

(1) आत्मसाती दबाव
(2) वास्तविक मान्यता
(3) सांस्कृतिक संवाद
(4) बहुसांस्कृतिक न्याय

125. According to Nietzche's 'concept of will to power', which philosopher did he critique for stating that 'Struggle for existence' is a foundational drive force of life ?

(1) Sigmund Freud
(2) Charles Darwin
(3) Arthur Schopenhauer
(4) Will Durant

126. A government prevents citizens from criticising public policies. Which form of liberty is primarily violated, according to Isaiah Berlin ?

(1) Positive liberty
(2) Economic liberty only
(3) Negative liberty
(4) Moral liberty

127. According to Karl Marx's Dialectical materialism what is the primary reality that drives historical change ?

(1) Abstract spiritual ideas
(2) The biological genes of powerful rulers
(3) Luck & fate
(4) Physical material conditions and economic relations of society.

128. A state compels citizens to follow a particular lifestyle for their own good. Which danger identified by Berlin is illustrated ?

(1) Excessive negative liberty
(2) Economic exploitation
(3) Misuse of positive liberty leading to paternalism
(4) Religious pluralism

129. How is the history of existing human society characterized, according to Marx ?

(1) As a history of class struggles between the owners of the means of production and those who own only their labour.
(2) As a peaceful co-operative effort to achieve scientific progress.
(3) As a series of accidental, chaotic events.
(4) As a constant war between different races.

125. नीत्शे के 'शक्ति की इच्छा' के सिद्धान्त के अनुसार, उन्होंने किस विचारक की इस अवधारणा की आलोचना की कि 'जीने के लिए संघर्ष' ही जीवन का मूल आधार तत्त्व है ?

(1) सिग्मण्ड फ्रॉयड
(2) चार्ल्स डार्विन
(3) आर्थर शोपेनहावर
(4) विल डूरन्ट

126. सरकार नागरिकों को सार्वजनिक नीतियों की आलोचना करने से रोकती है । इसाया बर्लिन के अनुसार कौन सी स्वतंत्रता का उल्लंघन हुआ है ?

(1) सकारात्मक स्वतंत्रता
(2) केवल आर्थिक स्वतंत्रता
(3) नकारात्मक स्वतंत्रता
(4) नैतिक स्वतंत्रता

127. कार्ल मार्क्स के द्वंद्वात्मक भौतिकवाद के अनुसार, ऐतिहासिक परिवर्तन को संचालित करने वाली प्राथमिक वास्तविकता (सत्ता) किसे माना गया है ?

(1) अमूर्त आध्यात्मिक विचारों को
(2) शक्तिशाली शासकों के जैविक जीन को
(3) भाग्य और नियति को
(4) भौतिक दशाओं और समाज के आर्थिक संबंधों को

128. राज्य नागरिकों के हित के नाम पर उन्हें एक विशेष जीवनशैली अपनाने के लिए बाध्य करता है । यह बर्लिन द्वारा बताई गई किस समस्या को दर्शाता है ?

(1) अत्यधिक नकारात्मक स्वतन्त्रता
(2) आर्थिक शोषण
(3) सकारात्मक स्वतन्त्रता का दुरुपयोग और संरक्षकवाद
(4) धार्मिक बहुलवाद

129. मार्क्स के अनुसार, अब तक के मानव समाजों के इतिहास को किस प्रकार चित्रित किया गया है ?

(1) उत्पादन के साधनों के मालिकों और केवल अपने श्रम के मालिक के बीच वर्ग संघर्ष के इतिहास के रूप में ।
(2) वैज्ञानिक प्रगति प्राप्त करने के लिए एक शांतिपूर्ण और सहकारी प्रयास के रूप में ।
(3) आकस्मिक और अराजक घटनाओं की श्रृंखला के रूप में ।
(4) विभिन्न नस्लों के बीच होने वाले निरंतर युद्ध के रूप में

130. Which of the following is associated with John Rawls ?

(1) Sovereignty
(2) Existentialism
(3) Retributive Justice
(4) Distributive Justice

131. An argument has true premises and a true conclusion, but the conclusion does not logically follow from the premises. The argument is :

(1) Sound
(2) Valid
(3) Invalid
(4) Cogent

132. The term "triangle" denotes :


(1) Three sidedness
(2) All individual triangles
(3) Geometry
(4) Shape only

133. In a valid categorical syllogism, the middle term must :


(1) Appear in the conclusion
(2) Be universal always
(3) Be distributed at least once
(4) Always occur as predicate

134. Which Venn Diagram of the following is a correct representation of AAA-1 ?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

130. जॉन रॉल्स के साथ निम्नलिखित में से क्या संबंधित है ?

(1) संप्रभुता
(2) अस्तित्ववाद
(3) प्रतिकारात्मक न्याय
(4) वितरणात्मक न्याय

131. किसी युक्ति के आधार-वाक्य और निष्कर्ष दोनों सत्य हैं, किन्तु निष्कर्ष आधार-वाक्यों से तार्किक रूप से निगमित नहीं होता । यह तर्क है –

(1) सुदृढ़
(2) वैध
(3) अवैध
(4) सुसंगत

132. 'त्रिभुज' पद का वाच्यार्थ क्या है ?

(1) त्रिभुजता
(2) सभी व्यक्तिगत त्रिभुज
(3) ज्यामिति
(4) केवल आकार

133. वैध निरपेक्ष न्यायवाक्य में मध्यम पद को :

(1) निष्कर्ष में आना चाहिए
(2) सदैव सार्वभौमिक होना चाहिए
(3) कम से कम एक बार आधारवाक्यों में व्याप्त होना चाहिए
(4) सदैव विधेय रूप में उपस्थित होना चाहिए

134. निम्न में से किस वैन आरेख आकृति द्वारा AAA-1 का सही चित्रण किया गया है ?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

135. Which one of the following rules of inference is employed in the argument ?
[A ⊃ (B · C)] · [D ⊃ (B · E)]
A V D
\ (B · C) V (B · E)
(1) Modus Ponens
(2) Constructive Dilemma
(3) Hypothetical syllogism
(4) Disjunctive syllogism

136. If P is true and Q is false and the values of R and S are not known, which among the following is true statement ?
(1) P ⊃ Q
(2) (P ⊃ Q) ⊃ (R V S)
(3) (P ⊃ Q) · (R V S)
(4) (P ⊃ Q) · (R ⊃ R)

137. Which symbolic representation is used to define the 'law of contradiction' and what does it signify ?
(1) p ⊃ p, Everything is what it is
(2) p V ~ p,A proposition is either true or false
(3) p · ~ p, No proposition can be both true and false
(4) ~ (p V q), Neither p nor q can be true

138. The Argument Ad Baculum (Appeal to force) can be briefly summarized by which traditional proverb ?
(1) Might is right
(2) A drop in ocean
(3) Pure as milk
(4) Birds of the feather flock together

139. Which of the following correctly describes the term distribution in 'E' and 'O' propositions ?
(1) Both 'E' and 'O' leaves predicates undistributed.
(2) 'E' distributes both subject and predicate. 'O' distributes only its predicate.
(3) 'O' distributes its subject, 'E' leaves it undistributed.
(4) E' distribution depends on the quantifier word.

135. निम्नलिखित तर्क में अनुमान के किस नियम का प्रयोग किया गया है ?
[A ⊃ (B · C)] · [D ⊃ (B · E)]
A V D
\ (B · C) V (B · E)
(1) मॉडस पोनेन्स
(2) रचनात्मक उभयतः पाश
(3) हेतुहेतुमत न्यायवाक्य
(4) वियोजक न्यायवाक्य

136. यदि P सत्य है और Q असत्य है तथा R और S का मूल्य ज्ञात नहीं है, तो निम्नलिखित में से कौन सा सत्य कथन है ?
(1) P ⊃ Q
(2) (P ⊃ Q) ⊃ (R V S)
(3) (P ⊃ Q) · (R V S)
(4) (P ⊃ Q) · (R ⊃ R)

137. 'व्याघात के नियम' को परिभाषित करने के लिए किस प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व का उपयोग किया जाता है और यह क्या दर्शाता है ?
(1) p ⊃ p, प्रत्येक वस्तु वही है जो वह है
(2) p V ~ p, एक प्राकथन या तो सही है या गलत
(3) p · ~ p, कोई प्राकथन एक साथ सही और गलत दोनों नहीं हो सकता ।
(4) ~ (p V q), न तो p और न ही q सही हो सकता ।

138. मुष्टि युक्ति को संक्षेप में किस कहावत से संक्षेप में व्यक्त किया जा सकता है ?
(1) जिसकी लाठी उसकी भैंस
(2) ऊँट के मुँह में जीरा
(3) दूध का दूध पानी का पानी
(4) चोर-चोर मौसेरे भाई

139. 'E' व 'O' तर्कवाक्यों में पदों की व्याप्ति का सही विवरण क्या है ?
(1) 'E' व 'O' दोनों विधेय को अव्याप्त रखते हैं ।
(2) 'E' उद्देश्य व विधेय दोनों को व्याप्त करता है, जबकि 'O' केवल विधेय को व्याप्त करता है ।
(3) 'O' उद्देश्य को व्याप्त करता है और 'E' को अव्याप्त करता है ।
(4) E' की व्याप्ति प्रमात्रक (quantifier) शब्द पर निर्भर है ।

140. According to the traditional square of opposition, what type of logical relationship exists between the 'A' proposition (All men are mortal) and the proposition 'O' (Some men are not mortal) ?

(1) Contrary
(2) Sub-contraries
(3) Contradictories
(4) Sub-alternation

141. A terminally ill patient experiencing unbearable pain voluntarily requests medical assistance to end life. Which argument for euthanasia is most directly supported ?

(1) Sanctity of life
(2) Patient autonomy
(3) Divine command theory
(4) Legal positivism

142. The primary focus of applied philosophy is :

(1) studying the metaphysical issues of philosophy.
(2) studying the linguistic aspect of ethics.
(3) applying philosophical theories and critical thinking to analyse and solve practical problems.
(4) Applying the mathematical theories in philosophy.

143. How is the social impact of technology critically analyzed in the philosophy of technology ?

(1) Technology is seen as a value laden force that can reinforce social inequalities, consolidate dominance and power in the hand of few.
(2) Technology carries no political or social consequences.
(3) Technology eliminates all forms of human greed.
(4) Technology is an artistic expression.

140. परम्परागत विरोध वर्ग के अनुसार, 'A' तर्कवाक्य (सभी मनुष्य मरणशील हैं) और तर्कवाक्य 'O' (कुछ मनुष्य मरणशील नहीं हैं ।) के बीच किस प्रकार का तार्किक सम्बन्ध होता है ?

(1) विपरीत
(2) उप-विपरीत
(3) व्याघाती
(4) उपाश्रयण

141. एक असाध्य रोग से पीड़ित व्यक्ति अत्यधिक पीड़ा के कारण स्वेच्छा से जीवन समाप्त करने हेतु चिकित्सीय सहायता की माँग करता है । इच्छा मृत्यु के पक्ष में कौन सा तर्क सबसे अधिक लागू होता है ?

(1) जीवन की पवित्रता
(2) रोगी की स्वायत्तता
(3) ईश्वरीय आदेश सिद्धान्त
(4) विधिक प्रत्यक्षवाद

142. अनुप्रयुक्त दर्शन का मुख्य विषय क्या है ?

(1) दर्शनशास्त्र के तत्त्वमीमांसीय समस्याओं का अध्ययन
(2) नीतिशास्त्र के भाषाई पक्ष का अध्ययन
(3) व्यावहारिक समस्याओं का विश्लेषण करने और उन्हें हल करने के लिए दार्शनिक सिद्धांतों और आलोचनात्मक चिंतन को लागू करना ।
(4) दर्शनशास्त्र में गणितीय सिद्धांतों को लागू करना

143. प्रौद्योगिकी के दर्शन में, प्रौद्योगिकी के सामाजिक प्रभाव का किस प्रकार आलोचनात्मक विश्लेषण किया जाता है ?

(1) प्रौद्योगिकी को मूल्यों से प्रभावित शक्ति के रूप में देखा जाता है, जो सामाजिक असमानताओं को बढ़ा सकती है और कुछ लोगों के हाथों में वर्चस्व और शक्ति को मजबूत कर सकती है ।
(2) प्रौद्योगिकी का कोई सामाजिक और राजनीतिक परिणाम नहीं होता ।
(3) प्रौद्योगिकी सभी मानवीय लालच को समाप्त कर देती है ।
(4) प्रौद्योगिकी एक कलात्मक अभिव्यक्ति है ।

144. Which major ethical concern is shared by Information Technology (IT), Biotechnology and Nanotechnology ?

(1) They represent zero risk and require no ethical guidelines.

(2) They are strictly spiritual philosophies with no physical products.

(3) They only apply to agricultural techniques.

(4) They present profound challenges to human privacy, physical safety and environmental health.

145. What is the primary argument of Peter Singer for giving non-human animals equal moral consideration ?

(1) Their capacity to feel pain.

(2) Their ability to use human language.

(3) Their usefulness as domestic pets.

(4) Their capacity to experience human problems.

146. Under the rules of legal ethics, the primary purpose of the "attorney-client privilege" (confidentiality) is :

(1) To provide defence lawyers security.

(2) To exempt lawyers from attending mandatory court hearings.

(3) To protect the confidentiality of communications between a lawyer and their client.

(4) To allow lawyers to charge excessive fees.

147. Which of the following is not the profound moral violation involved in female infanticide ?

(1) Violation to the right to life

(2) Gender discrimination

(3) Devaluation of women

(4) Right to freedom of speech

144. सूचना प्रौद्योगिकी (IT), जैव-प्रौद्योगिकी और नैनो प्रौद्योगिकी में कौन सी प्रमुख नैतिक चिंता समान रूप से साझा है ?

(1) इनमें शून्य जोखिम होता है और किसी नैतिक दिशानिर्देश की आवश्यकता नहीं होती ।

(2) ये बिना किसी भौतिक उत्पाद वाली विशुद्ध रूप से आध्यात्मिक दर्शन की प्रणालियाँ हैं ।

(3) ये केवल कृषि तकनीकों पर लागू होती हैं ।

(4) ये मानव गोपनीयता, शारीरिक सुरक्षा और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियाँ पेश करती हैं ।

145. गैर-मानवीय जानवरों को समान नैतिक विचार देने का पीटर सिंगर का प्राथमिक तर्क क्या है ?

(1) दर्द महसूस करने की उनकी क्षमता

(2) मानव भाषा का उपयोग करने की उनकी क्षमता

(3) पालतू जानवरों के रूप में उनकी उपयोगिता

(4) मानवीय समस्याओं को अनुभव करने की उनकी क्षमता

146. कानूनी नीतिशास्त्र के अंतर्गत “वकील-मुवक्किल विशेषाधिकार” (गोपनीयता) का प्राथमिक उद्देश्य है :

(1) बचाव पक्ष के वकील की सुरक्षा

(2) वकीलों को अनिवार्य अदालती सुनवाई में उपस्थित होने से छूट देना ।

(3) वकील और मुवक्किल के बीच साझा की गई बातों की गोपनीयता की रक्षा करना ।

(4) वकीलों को अत्यधिक शुल्क वसूलने की अनुमति देना

147. कन्या शिशु हत्या के संदर्भ में निम्नलिखित विकल्प में से कौन सा मूलभूत नैतिक उल्लंघन नहीं है ?

(1) जीने के अधिकार का उल्लंघन

(2) लैंगिक भेदभाव

(3) महिलाओं का अवमूल्यन

(4) बोलने की स्वतंत्रता का अधिकार

148. The primary objective of the environmental ethics is :

(1) To discover efficient engineering methods to exploit natural resources.

(2) To study the climate change.

(3) To draft laws to restore environment.

(4) To examine the moral relationship and obligations of human beings towards natural environment and its non-human inhabitants.

149. What is the basis of a Doctor - Patient relationship in bioethics ?

(1) Where the doctor takes all treatment decisions without patient's consent.

(2) Doctor's right to publish the patient's private medical history to the general public.

(3) The patient's obligation to undergo experimental treatments.

(4) Mutual trust, strict confidentiality and respects for patient's autonomy.

150. Demorcatization of technology advocate for :

(1) Banning all forms of industrial scientific research.

(2) Restricting technological access strictly to government officials.

(3) Citizens should have a democratic voice in how technologies are designed, developed and used.

(4) Patent rights of technology.

148. पर्यावरणीय नीतिशास्त्र का प्राथमिक उद्देश्य है :

(1) प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने के लिए कुशल इंजीनियरिंग विधियों की खोज करना ।

(2) जलवायु परिवर्तन का अध्ययन करना ।

(3) पर्यावरण के पुनःस्थापन के लिए नियमों को बनाना ।

(4) प्राकृतिक पर्यावरण और उसके गैर-मानवीय निवासियों के प्रति मनुष्य के नैतिक संबंधों और दायित्व का अध्ययन करना ।

149. जैव-नीतिशास्त्र में डॉक्टर-रोगी संबंध आधार क्या है ?

(1) जहाँ डॉक्टर रोगी की सहमति या ज्ञान के बिना उपचार संबंधी सभी निर्णय लेता है ।

(2) सामान्य जनता के सामने रोगी के निजी चिकित्सा इतिहास को प्रकाशित करने का डॉक्टर का अधिकार

(3) प्रयोगात्मक उपचारों से गुजरने का रोगी का दायित्व

(4) आपसी विश्वास, सख्त गोपनीयता और रोगी की स्वायत्तता का सम्मान

150. प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण की अवधारणा वकालत करती है :

(1) औद्योगिक वैज्ञानिक अनुसंधान के सभी रूपों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना ।

(2) तकनीकी पहुँच को केवल सरकारी अधिकारियों तक सीमित रखना

(3) नागरिकों को लोकतांत्रिक अधिकार होना चाहिए कि प्रौद्योगिकी का डिजाइन, विकास और उपयोग कैसे किया जाए ।

(4) प्रौद्योगिकी का पैटेंट अधिकार

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह